दैनिक जागरण २९/०९/२०२४

विद्यार्थियों ने साइकिल चलाकर दिया स्वच्छता का संदेश

साइकिलिंग आयोजन में भाग लेतीं जीएमएन कालेज की एनीसीसी कैडेट्स। • सौजन्य विज्ञप्ति

जास • **अंबाला** : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज की एनसीसी गर्ल्स विंग द्वारा स्वच्छता साइकिलिंग का आयोजन किया गया। एनसीसी गर्ल्स विंग ने कालेज के बाहर स्वच्छता और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वच्छता का नारा देते हुए साइकिलिंग का आयोजन किया। कार्यवाहक प्रिंसिपल डा. सीमा कंसल के मार्गदर्शन में हुआ, जिन्होंने साइकिलिंग को बहुत बढ़िया शारीरिक व्यायाम कहा। 42 कैडेट्स ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिभा और समर्पण का प्रदर्शन किया। सीटीओ (एनसीसी गर्ल्स विंग्स) डा. तृप्ति शर्मा ने कहा कि साइकिलिंग से न केवल शारीरिक लाभ मिलता है बल्कि मानसिक स्थिरता भी प्रदान होती है। इस गतिविधि का उद्देश्य हमारे दैनिक जीवन में साइकिल चलाने के महत्व को उजागर करना है, और कैसे कोई किफायती तरीके से स्वस्थ रह सकता है, जो पर्यावरण के साथ-साथ स्वयं के लिए भी प्रभावशाली है। इसी तरह कालेज में वाइआरसी यूनिट द्वारा दुर्गा शक्ति टीम द्वारा पुलिस की पाठशाला आयोजित की गई। कालेज के एसडीजी, वाईआरसी एवं एनएसएस द्वारा बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार विषय पर एक रैली का आयोजन किया गया।